Bengal Mirror
Think Positive




ASANSOL

# दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में 'स्मारक पट्टिका अनावरण' किया गया

**बंगाल मिरर, आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में 'स्मारक पट्टिका अनावरण' कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।स्थानीय दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में पूर्व प्रो. वायस चेयरमैन स्वर्गीय श्री रमेश गोयनका जी की स्मृति में उनकी 'स्मारक चित्र पट्टिका' का अनावरण कार्यक्रम 4 मई , दिन वृहस्पतिवार को भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ सम्पन्न हुआ।

चित्र पट्टिका का अनावरण वर्तमान प्रो. वायस चेयरमैन श्री प्रतीक गोयनका जी के हाथों किया गया। कार्यक्रम में प्रो. वायस चेयरमैन श्री प्रतीक गोयनका जी, संयोजिका सुश्री दीप्ति घोष , समस्त अध्यापक गण, कार्यालय कार्यकर्ता तथा छात्रों ने शिरकत की। सभी ने श्री गोयनका को भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके द्वारा निर्दिष्ट मार्ग का अनुसरण करने के संकल्प की प्रतिबद्धता को दोहराया।

श्री प्रतीक गोयनका ने अपने सम्बोधन में नश्वर संसार की क्षणभंगुरता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से अपने माता – पिता का सदैव आदर और सम्मान करने का आह्वान किया , उन्होंने कहा कि उनसे बढ़कर हमारा शुभचिंतक कोई नहीं हो सकता ।

छात्रों ने विशेष प्रार्थना सभा आयोजित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दे श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सुमधुर गीत की प्रस्तुति ने विद्यालय परिसर को भाव – विभोर कर दिया।

संयोजिका सुश्री दीप्ति घोष ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि जिस समय उन्होंने इस संस्था में कार्यभार संभाला तो यहाँ की सुव्यवस्था को देख हतप्रभ थी , जब नेतृत्व की डोर कुशल हाथों में हो तो इस प्रकार के सुफल की प्राप्ति निश्चित है। । उन्होंने कहा कि विद्यालय की प्रगति में हमारे मार्गदर्शक श्री रमेश गोयनका जी का जो योगदान रहा, उसी का परिणाम है कि आज हम शिक्षा के क्षेत्र में, समाजोत्थान रूपी हवन में अपने हिस्से की आहुति देने में समर्थ हो रहे हैं। विद्यालय में संपादित हो रहे विभिन्न कार्यक्रम उनके द्वारा देखे गए सपनों का साकार रूप है। भविष्य में हमें और अधिक उत्साह एवं जोश के साथ इस उन्नति में एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में स्वयं को प्रस्तुत करने के लिए तत्पर रहना है। हम सभी उनके पदचिह्नों पर चल अपना शत – प्रतिशत दे निरंतर विद्यालय की प्रगति में सदैव अपना योगदान देते रहेंगे।